रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2285] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 19, 2015/आश्विन 27, 1937
No. 2285] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 19, 2015/ASVINA 27, 1937

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर, 2015

का.आ. 2869(अ).-- निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) तथा उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले भारत के राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

2. ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा ।

प्रारूप अधिसूचना

मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य का नाम कर्नाटक राज्य में उडुपि जिला के कुंडापुर तालुक में अवस्थित वन्य जीव अभयारण्य के मध्य भाग में अवस्थित कोलूर में प्रसिद्ध मूनकांबिका मंदिर के अधिष्ठाता मूनकांबिका देवी के नाम पर रखा गया है और **13° 42'** और **13° 59'** उत्तरी अक्षांश और **74° 39'** से **74° 50'** पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है तथा **394.65** वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है और कर्नाटक सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या ए एफ डी 48 एफ डब्ल्यू एल 74 तारीख 22 मई, 1978 को अधिसूचित किया गया था ।

मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य पश्चिमी घाट के पश्चिमी ढालों तक फैला हुआ है और भू-भाग साधारणत: पहाड़ी और लहरदार है । वन्यजीव अभयारण्य की ऊंचाई जनालेने आरएफ के पास इदुर में 50 मीटर औसत समुद्र स्तर से अधिक से लेकर कुड्डाचादरी में 1343 मीटर औसत समुद्र स्तर से अधिक है । मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य में वर्षा का वितरण असमान है, परंतु यह दक्षिण पश्चिमी मानसून से भारी वर्षा प्राप्त करता है और वार्षिक औसत वृष्टिपात 6000 मिली मीटर के आसपास है ।

मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य का उपर्युक्त भू-भाग, ऊंचाई और वर्षा वितरण, वन के प्रकार फुटहिल्स के निचली ऊंचाई पर आर्द्र पतझड़ी वन से मध्य ऊंचाई पर पश्चिम तटीय अर्द्ध सदाबाहरी वन और पश्चिम तटीय उष्ण सदाबाहरी वन से शोला ग्रासलैंड तक अधिक ऊंचाई पर है। इस प्रकार मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य के प्रमुख वन के प्रकार पश्चिम तटीय ऊष्ण सदाबाहरी वन (1ए/सी4), पश्चिम तटीय अर्द्ध सदाबाहरी वन (2ए/सी2), दक्षिणी गौण आर्द्र मिश्रित पतझड़ी वन (3बी/सी2/2एस1) और शुष्क घास भूमि (5डीएस4) है।

मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य की मुख्य जीव जंतु प्रजातियां स्पॉटिड डीयर, सांभर डीयर, इंडियन गोर, बार्किंग डीयर, माउस डीयर, जंगली सूअर, भारतीय साहू (शाकाहारी प्रजातियां) इत्यादि हैं। मांसाहारी प्रजातियों के अंतर्गत चीता, तेंदुआ, काला तेंदुआ, जंगली कुत्ता, धारीदार लकड़बग्घा और सियार है। प्राइमेट्स के अंतर्गत संकटापन्न लॉयन-टेल मकैक, बोनेट मकैक और कॉमन लंगूर इत्यादि हैं। अन्य जीव जंतु संबंधी प्रजातियों के अंतर्गत स्लॉथ बेयर, मालावार जांइट गिलहरी, उड़न गिलहरी लैंड मानीटर छिपकली, केनटर्टल (दुर्लभ प्रजातियां, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं)। सुमेश्वर वन्यजीव अभयारण्य के साथ-साथ मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य मालाबार सिवैट कैट के लिए शेष बचे हुए वनों और पर्यावास में से एक रहता है, जो केरला और कर्नाटक के कुछ स्थानों तक स्थानिकत: प्रतिबंधित समझा जाता है और आईयूसीएन द्वारा गंभीर रूप से संकटापन्न प्रजातियां घोषित की गई हैं। कुछ सरिसृपों के अंतर्गत किंगकोबरा, राक पायथुन, इंडियन कोबरा बैंबू पिट वाइपर इत्यादि हैं। पक्षी जीवजंतु संबंधी प्रजातियों के अंतर्गत ग्रेट हार्नबिल, मालावार ग्रे हार्नबिल, मालावार पाइड हार्नबिल, मालावार लार्क, मालावार ट्रोगोन इत्यादि हैं।

और, मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गों के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है ;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक राज्य में मूनकंबिका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से चारों ओर 10 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को मूनकंबिका वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकीय संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

(1) **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं**--(1) मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य कर्नाटक राज्य में उडुपि जिले के कुंडापुर ताल्लुक में स्थित है। पारिस्थितिक संवेदी जोन अभयारण्य की सीमा से 10 किलोमीटर के विस्तार तक 168.23 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर फैला हुआ है। ऐसे जोन की सीमा का वर्णन उपाबंध 1 पर है।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची प्रमुख बिन्दुओं के निर्देशांकों के साथ **उपाबंध II** के रूप में उपाबद्ध है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के साथ अक्षांश और देशान्तर मानचित्र **उपाबंध 3** के रूप में उपाबद्ध हैं।

(4) पारिस्थतिक संवेदी जोन के साथ-साथ अभयारण्य पर मुख्य स्थल (जीपीएस बिंदु) **उपाबंध III** क के रुप में उपाबद्ध है।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना –(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) उक्त योजना राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना, राज्य सरकार द्वारा इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य में भी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(4) आंचलिक महायोजना, इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी विचारों को समाकलित करने के लिए राज्य के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन ;

(iii) शहरी विकास ;

(iv) पर्यटन ;

(v) नगरपालिक ;

(vi) राजस्व ;

(vii) कृषि ;

(viii) कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ;

(ix) सिंचाई; और

(x) लोक निर्माण विभाग।

(5) महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हों और आंचलिक महायोजना में सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों के सुधार के कारक तथा पारिस्थितिकीय अनुकूलता का संवर्धन करेगी।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, जनजातीय क्षेत्र, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी।

(8) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास के पारिस्थितिक अनुकूल विकास और स्थानीय समुदायों की आजीविका को सुनिश्चित करते हुए विनियमित होगी।

(9) कर्नाटक राज्य सरकार अपनी अधिकारिता के अधीन क्षेत्र के लिए पृथक जोनल महायोजना तैयार करेगी।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, के अधीन मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन क्रम सं. 12, 18, 24, 29 और 32 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(क) पारिस्थितिकीय अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकीय अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(ख) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और सुदृढ़ बनाना तथा नई सड़कों का सन्निर्माण ;

(ग) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग ;

(घ) वर्षा जल संचयन; और

(ड.) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधा भंडार और स्थानीय सुख-सुविधाएं हैं :

परंतु यह और भी कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में पाई जाने वाली कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी :

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि हरित क्षेत्र जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल-स्रोत --** आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनर्नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे, जो आंचलिक महायोजना का भाग रूप होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, कर्नाटक सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, कर्नाटक सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केन्द्र सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गनिदेशों तथा राष्ट्रीय व्याध्र संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पर्यटन मार्गनिदेशों के अनुसार होगा जिसमें पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व दिया जाएगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(ii) मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य की एक किलोमीटर सीमा के भीतर होटलों और रिसार्टों के नए संनिर्माण अनुज्ञात नहीं होंगे सिवाय पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के संबंध में पर्यटकों के लिए अस्थायी निवास स्थानों के;

परंतु मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिकीय संवेदी जोन की सीमा तक नए होटल और रिसोर्ट के स्थापन पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकीय पर्यटन सुविधा के लिए विनिर्दिष्ट स्थान में ही अनुज्ञात किया जाएगा ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाओं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें परिरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाई जाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल –** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान की जाएगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार की जाएंगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएंगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसरण में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** – पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट –** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा –

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 908(अ), तारीख 25 सितंबर, 2000 को प्रकाशित नगरपालिक ठोस अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 2000 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ; और

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भस्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं.का.आ.630 (अ) तारीख 20 जुलाई, 1998 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट (प्रबंध और हथालन) नियम, 1998 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **यानीय परिवहन -** परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(12) **औद्योगिक इर्काइयां** (क) विधि के अनुसार स्थापित काष्ठ आधारित विद्यमान उद्योगों के सिवाय प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किसी नए काष्ठ आधारित उद्योगों को स्थापित करने की अनुज्ञा नहीं होगी ।

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितक संवेदी जोन के भीतर जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले किसी नए उद्योग को स्थापित करने की अनुज्ञा नहीं होगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और इसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :	
(1)	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी प्रकार के खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए भूमि को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा ।
(2)	आरा मशीनों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मशीनों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
(3)	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किसी नए और प्रदूषण कारित करने वाले विद्यमान उद्योगों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
(4)	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
(5)	नए बृहत जल विद्युत परियोजनाओं और सिंचाई परियोजनाओं की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
(6)	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
(7)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्र्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।
(8)	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों आदि द्वारा राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) ।

	ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	
(9)	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परंतु विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग अनुज्ञात विधि के अनुसार जारी रहेंगे : परंतु यह और कि विद्यमान आरा मिलों की अनुज्ञप्तियों का नवीकरण उनके अवसान की अवधि पर नहीं किया जाएगा।
(10)	वायु मिलों का परिनिर्माण	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय)।
	विनियमित क्रियाकलाप	
(11)	प्लास्टिक कैरी बैग, कप, लैमिनेट्स और टैटरापैक का उपयोग	लागू विधियों के अधीन विनियमित। पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कोई भी व्यक्ति कैरी बैग और प्लास्टिक कप का प्रयोग नहीं करेगा। प्लास्टिक की वस्तुएं लैमिनेट्स और टैट्रापैक के निपटान का विनियमन और मानीटरी सख्ती से की जाएगी।
(12)	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना।	संरक्षित क्षेत्र की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर कोई नया वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं किया जाएगा सिवाय पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के संबंध में पर्यटकों के अस्थायी निवास स्थानों के । तथापि, एक किलोमीटर के परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, सभी नए पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना और राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के मार्ग-दर्शक सिद्धांतों के अनुरुप किया जाएगा।
(13)	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर भीतर किसी भी प्रकार का कोई नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परंतु यह कि स्थानीय निवासियों को उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण, जिसके अंतर्गत पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, को करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा ; (ख) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित सन्निर्माण क्रियाकलाप यथा लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित होंगे और न्यूनतम पर रखे जाएंगे; (ग) पारिस्थितिक संवेदी जोन के एक किलोमीटर आगे और इसके विस्तार तक सदभावी स्थानीय आवश्यकताओं के लिए संनिर्माण अनुज्ञात किया जाएगा और अन्य संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे।
(14)	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किंही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई, संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी। (ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों के मामले में कार्ययोजना आदेशों का अनुसरण किया जाएगा।
(15)	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए ही जल का सतही और भूमिगत जल निष्कर्षण अनुज्ञात होगा। (ख) औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल के निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकारी से पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिमाण में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा। (घ) किसी भी स्रोत से, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, जल के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।
(16)	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण।	(i) भूमिगत केबल को बढ़ावा देना। (ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर जोनल महायोजना के अधीन विहित निर्देशों के अनुसार या मॉनीटरी समिति की सिफारिशों के अनुसार विद्युत

		पोल का परिनिर्माण किया जा सकता है; (iii) विद्यमान घरेलू लाइनें यदि स्लोप<20 डिग्री के लिए ओवर ग्राउंड 20 फुट की ऊंचाई पर होना चाहिए और स्लोप > 30 डिग्री के लिए भूमि से तीस फुट की ऊंचाई पर होना चाहिए ; (iv) घरेलू प्रयोजनों के लिए भविष्य में विद्युत लाइनें बिछाने के लिए 11 के.वी. तक भूमिगत किया जाना है । (v) 11 के.वी. से अधिक किसी ट्रांसमिशन लाइन के लिए दो टावरों के बीच "सैग" प्वांइट भूमि से कम से कम एक मीटर ऊपर होना चाहिए । (vi) 11 के.वी. से अधिक किसी ट्रांसमिशन लाइन के लिए दो टावरों के बीच "सैग" प्वांइट भूमि से सुरक्षित दूरी पर होने चाहिए ।
(17)	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड़ लगाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(18)	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना ।	यथा लागू उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपायों के साथ किया जाएगा ।
(19)	रात्रि में यानिक परिवहन का संचलन ।	वाणिज्यिक उद्देय के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(20)	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(21)	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(22)	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित बहिर्स्राव की रिसाइकिलिंग प्रोत्साहित की जाएगी और कीचड़ या ठोस अपशिष्ट का निपटान करने के लिए विद्यमान विनियमों का अनुसरण किया जाएगा ।
(23)	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(24)	प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में देशीय माल से उत्पादों का उत्पादन करने वाले गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित ऐसे उद्योग जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे ।
(25)	वन उत्पाद और गैर-काष्ठ वन उत्पाद का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(26)	वायु और यानिक प्रदूषण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
(27)	कृषि प्रणालियों में प्रबल परिवर्तन ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	संवर्धित क्रियाकलाप :	
(28)	डेयरी, डेयरी उद्योग, और मत्स्य उद्योग के साथ स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी गतिविधियां ।	तथापि, इन कुछ क्रियाकलापों का अत्यधिक विस्तार महायोजना के अनुसार विनियमित किया जाए ।
(29)	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
(30)	जैविक खेती ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
(31)	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
(32)	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा ।
(33)	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग ।	बायोगैस, सौर प्रकाश इत्यादि को बढ़ावा दिया जाना है ।

5. मानीटरी समिति-

केंद्रीय सरकार के अंतर्गत आने वाले कर्नाटक राज्य में पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति गठित करती है जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

i. क्षेत्रीय आयुक्त, मैसूर - अध्यक्ष ;

ii. कर्नाटक सरकार के पर्यावरण विभाग का प्रतिनिधि - सदस्य ;

iii. कर्नाटक सरकार के शहरी विकास विभाग का प्रतिनिधि - सदस्य ;

iv. कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधि - सदस्य ;

v. पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले किसी एनजीओ का प्रतिनिधि, जिसको कर्नाटक सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य ;

vi. पर्यावरण के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ जिसे कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक वर्ष के लिए नामनिर्दिष्ट किया जाएगा - सदस्य ;

vii. उपायुक्त या उसका प्रतिनिधि, शिमोगा – सदस्य ;

viii. उपायुक्त या उसका प्रतिनिधि, उडुपी – सदस्य ;

ix. सागर निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा सदस्य - सदस्य ;

x. थिरथाहाली निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा सदस्य - सदस्य ;

xi. बिन्दूर निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा सदस्य - सदस्य ;

xii. कुन्डापुर निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा सदस्य - सदस्य ;

xiii. उप वन संरक्षक, कुदरीमुख वन्यजीव प्रभाग करकाला - सदस्य-सचिव ।

* (कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा, अन्य बातों के साथ, सुसंगत अनुमोदन अभिप्राप्त करते हुए, जिसके अंतर्गत अध्यक्ष, विधान सभा, कर्नाटक से अनुज्ञा है, यदि अपेक्षित हो, के अध्यधीन)

6. निर्देश निबंधन

(1) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(3) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(4) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संबंधित उद्यान उप वन संरक्षक ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(5) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(6) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप में उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निर्देश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगी ।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, माननीय भारत के उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।

[फा.सं. 25/142/2015-ईएसजेड-आरई]

डॉ. टी. चांदनी, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

मूनकंबिका वन्यजीव अभयारण्य की सीमाएं

उत्तर : सीमा एडमलेगुडा से प्रारंभ होते हुए हल्लीमरडिबारे आर एफ सीमा रेखा से गुजरती हुई दक्षिण पूर्व की ओर जाती है और मडडीबरगुडा पहुंचती है। इसके अतिरिक्त सीमा पूर्व की ओर गुजरते हुए मैजनीवैली आर एफ की सीमारेखा की ओर जाती है और करनी आर एफ ट्राइजंक्शन बिंदु पर पहुंचती है । चूंकि समीतवर्ती क्षेत्र शरावती वन्यजीव अभयारण्य से संबंधित है, सीमा रेखा मूनकंबिका वन्यजीव अभयारण्य से गुजरती है और इस प्रकार पारिस्थतिक संवेदी जोन के लिए अतिरिक्त क्षेत्र पर विचार नहीं किया गया है इस प्रकार पारिस्थतिक संवेदी जोन सीमा रेखा करनी आर एफ की सीमारेखा को उत्तर में काटती हुई गुजरती है तथा कनगोड के पास स्थानीय क्षेत्र में पहुंचती है। इससे आगे सीमारेखा उत्तरपूर्व की ओर काटते हुए गुजरती है और बरलाहोल पहुंचती है। तत्पश्चात् रेखा नागोडी होल के साथ-साथ पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है। हुलगरगुडा के समीप हुनारमन्य आर एफ की आर एफ सीमा के स्थानीय क्षेत्र में पहुंचती है। इससे आगे रेखा हुनारमन्य आर एफ की आंतरिक सीमा के साथ-साथ पूर्व की ओर तिरछी गुजरती है और केनामक्कीगुडडा के समीप स्थानीय क्षेत्र में पहुंचती है।

पूर्व : रेखा दक्षिण की ओर तिरछी गुजरती है और मरकटीके होल पहुंचती है। इससे आगे रेखा नदी के साथ-साथ तिरछी गुजरती है। तत्पश्चात् रेखा पूर्व की ओर तिरछी गुजरती है और कटीनाहोल नामक स्थानीय क्षेत्र में पहुंचती है। इससे आगे रेखा पूर्व की ओर नाला के साथ तिरछी गुजरती है और मटठीकाए आर एफ सीमा पहुंचती है। बाद में, रेखा मटठीकाए आर एफ के साथ पूर्व की ओर तिरछी गुजरती है और तब रेखा दक्षिण पूर्व की ओर गुजरते हुए आर एफ सीमा के साथ-साथ कब्बिनहोल को पार करती है और कुंडगल के समीप स्थानीय क्षेत्र में पहुंचती है। इससे आगे रेखा दक्षिण पूर्व की ओर तिरछी गुजरती है और बिस स्टेट की ओर राज्यवन सीमा पहुंचती है और बिस स्टेट की ओर राज्यवन सीमा के साथ तिरछी गुजरती हुई करीमने के समीप नाला पहुंचती है। इससे आगे रेखा दक्षिण की ओर नाला के साथ तिरछी गुजरती है और संपीगोडी गांव सड़क पहुंचती है। इससे आगे रेखा नाला के साथ दक्षिण पूर्व की ओर तिरछी गुजरती है और किलगारो के समीप स्थानीय क्षेत्र पहुंचती है। इससे आगे रेखा दक्षिण पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती हुई मस्तीकटे सड़क पहुंचती है। इससे आगे रेखा दक्षिण पूर्व की ओर तिरछी गुजरती हुई मनीबेल राज्यवन सीमा को स्पर्श करती है। उसके बाद रेखा ट्राई जंक्शन बिंदु पर पहुंचती है और उससे आगे रेखा दक्षिण पश्चिम की ओर तिरछी गुजरते हुए कंचीकल्लाबी प्रतापों के करीब स्पर्श करती है।

दक्षिण : इससे आगे रेखा वराही आर एफ सीमा के साथ पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है और मथकलगुडे आर एफ पहुंचती है। इससे आगे रेखा दक्षिण पश्चिम की ओर मथकलगुडे आर एफ के साथ तिरछी गुजरती है और वराही नदी पहुंचती है। चूंकि निकटवर्ती क्षेत्र सोमेश्वर वन्यजीव अभयारण्य से संबंधित है और इस प्रकार पारिस्थितिक संवेदी जोन के अतिरिक्त क्षेत्र पर विचार नहीं किया गया है। इससे आगे रेखा वराही नदी के साथ दक्षिण की ओर तिरछी गुजरती है और हरकेबल के समीप संपूर्ण स्थान पहुंचती है । इससे आगे रेखा उत्तर पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है और सूरालडवी आर एफ की सीमा पहुंचती है। तत्पश्चात् रेखा उत्तर की ओर सूरालडवी आर एफ के साथ गुजरती है और हरकेबेलु के समीप नाला पहुंचती है । इससे आगे रेखा उत्तरपूर्व की ओर नाला के साथ तिरछी गुजरती है और डोडिनमनी की आर एफ सीमा पहुंचती है। इससे आगे रेखा डोडिनमनी की आरएफ सीमा के साथ तिरछी गुजरती है और करेगडडे स्थानीय क्षेत्र तत्पश्चात् रेखा करगडडे से बडमने सड़क के साथ गुजरती है और आगे उत्तर की ओर तिरछी गुजरती हुई कुब्जा नदी को स्पर्श करती है। इसके आगे रेखा पश्चिम की ओर कुब्जा नदी के साथ–साथ तिरछी गुजरती है और बेलवानों के समीप स्थानीय क्षेत्र पहुंचती है। इससे आगे रेखा नाला के साथ पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है और अजरी निरलकटटे सड़क पहुंचती है। इससे आगे रेखा अजरी निरलकटटे सड़क के साथ पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है और कमरड्डी होल आर एफ की सीमा पर पहुंचती है। इससे आगे रेखा पश्चिम की ओर सड़क को काटते हुए गुजरती है और मोविंगगुली आरएफ की सीमा में पहुंचती है।

पश्चिम : रेखा उत्तर की ओर मोविंगगुली आरएफ के साथ तिरछी गुजरती है और चक्र नदी से आगे गुजरती है। इससे आगे रेखा वंडसे कसनकटे पैदलपथ के साथ तिरछी गुजरती है और कसनकट्टे आर एफ सीमा पहुंचती है । तत्पश्चात् रेखा कसनकट्टे आर एफ सीमा के साथ-साथ तिरछी गुजरती है और ब्रह्महेरी स्थानीय क्षेत्र पहुंचती है । इससे आगे रेखा ब्रह्महेरी अलूरु गांव सड़क के साथ पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है। तत्पश्चात् रेखा नाला के साथ उत्तर की ओर तिरछी गुजरती है और हैरुर आर एफ पहुंचती है। तत्पश्चात् रेखा हैरुर आर एफ सीमा के साथ-साथ तिरछी गुजरती है और कपड्डी स्थानीय क्षेत्र के समीप येलूरमाने सड़क को स्पर्श करती है। इससे आगे रेखा येलूरमाने सड़क के साथ तिरछी गुजरती है और येलूर के समीप कोलूर बिंदर सड़क को स्पर्श करती है। तत्पश्चात् रेखा कोलूर बिंदर के साथ पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है और तब आरेशीरुर – कोडेलकेरी गांव सड़क के साथ तिरछी गुजरती है और गोलीहोल स्थानीय क्षेत्र को स्पर्श करती है। इसके आगे रेखा नालारिचिस स्थानीय क्षेत्र येलजित की ओर गुजरती है। इसके आगे रेखा येलजित-हडगाकिरे गांव सड़क के साथ पश्चिम की ओर गुजरते हुए गुरुवनकोटे आर एफ सीमा को स्पर्श करती है। इसके आगे रेखा गुरुवनकोटे आर एफ सीमा के साथ तिरछी गुजरती है और होसेरी स्थानीय क्षेत्र पहुंचती है। इसके आगे रेखा उत्तर की ओर तिरछी गुजरती है और कोलिकन पहुंचती है। तत्पश्चात् रेखा हुलुकडगे – कोलिकन गांव सड़क के साथ-साथ तिरछी गुजरती है और हेजालू स्थानीय क्षेत्र पहुंचती है। इससे आगे रेखा

हुलकागड़े-गंगानाडु सड़क के साथ उत्तर पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है और नगरमक्की स्थानीय क्षेत्र पहुंचती है। इसके आगे रेखा सड़क के साथ उत्तर की ओर तिरछी गुजरती है और कुलानके स्थानीय क्षेत्र पहुंचती है। इसके बाद रेखा थुडडुहोल के साथ पश्चिम की ओर तिरछी गुजरती है और किस्मती स्थानीय क्षेत्र पहुंचती है और तब रेखा नाला के साथ उत्तर की ओर तिरछी गुजरती हुई आरंभिक बिंदु पर पहुंचती है।

उपाबंध II

पारिस्थितिक संवेदी जोन के मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य के क्षेत्र में पड़ने वाले गांवो की सूची

ब्लॉक **-1** : हुल्लात्ती-हुनासीकट्टी

मान-चित्र आईडी	गांवो के नाम	जिला	तालुक	एरिया हेक्टे में	देशांतर	अक्षांश	टिप्पणी
1	करनी	शिमोगा	सागर	25.06	74.774078	13.917859	आंशिक गांव
2	कोदानवल्ली	शिमोगा	सागर	478.24	74.785570	13.920751	आंशिक गांव
3	मराती	शिमोगा	सागर	680.62	74.814630	13.914203	आंशिक गांव
4	कोटेशिपुर	शिमोगा	होसनगारा	106.74	74.853157	13.910639	आंशिक गांव
5	नागोदी	शिमोगा	होसनगारा	371.26	74.870897	13.906794	आंशिक गांव
6	मंजागलाले	शिमोगा	होसनगारा	496.88	74.898980	13.896069	आंशिक गांव
7	कट्टीनाहोल	शिमोगा	होसनगारा	564.40	74.920071	13.869653	आंशिक गांव
8	होसर	शिमोगा	होसनगारा	45.42	74.958773	13.874212	आंशिक गांव
9	मट्टीकाई	शिमोगा	होसनगारा	376.51	74.953574	13.862419	आंशिक गांव
10	ब्रह्मनवादा	शिमोगा	होसनगारा	117.09	74.975158	13.817797	आंशिक गांव
11	किलनदुर जंगल	शिमोगा	होसनगारा	160.98	74.975413	13.808224	आंशिक गांव
12	मलाली	शिमोगा	होसनगारा	279.23	74.991234	13.797064	आंशिक गांव
13	करिमाने	शिमोगा	होसनगारा	648.75	75.001781	13.761806	आंशिक गांव
14	खैरुगुण्डा	शिमोगा	होसनगारा	266.43	75.014677	13.740323	आंशिक गांव
15	नीदागोदु	शिमोगा	होसनगारा	17.34	75.025191	13.733756	आंशिक गांव
16	येदामोगे	उदुपी	कुन्दापुरा	999.25	74.960147	13.730161	आंशिक गांव
17	हलीहोल	उदुपी	कुन्दापुरा	28.31	74.944875	13.739573	आंशिक गांव
18	बेल्लाल	उदुपी	कुन्दापुरा	399.32	74.897197	13.714388	आंशिक गांव
19	होसानगादी	उदुपी	कुन्दापुरा	663.61	74.956099	13.681908	आंशिक गांव
20	सिद्दापुर	उदुपी	कुन्दापुरा	212.83	74.928372	13.662011	आंशिक गांव
21	मचाट्टू	उदुपी	कुन्दापुरा	19.13	74.953498	13.658374	आंशिक गांव
22	उल्लुरु	उदुपी	कुन्दापुरा	121.29	74.929725	13.644936	आंशिक गांव
23	अजरी	उदुपी	कुन्दापुरा	552.76	74.864460	13.696406	आंशिक गांव
24	कोदलादी	उदुपी	कुन्दापुरा	101.47	74.821552	13.691403	आंशिक गांव
25	करकुन्जे	उदुपी	कुन्दापुरा	377.63	74.781093	13.697716	आंशिक गांव
26	छित्तुर	उदुपी	कुन्दापुरा	19.60	74.781586	13.699972	आंशिक गांव
27	वानदसे	उदुपी	कुन्दापुरा	81.83	74.756193	13.711402	आंशिक गांव
28	नुजादी	उदुपी	कुन्दापुरा	204.42	74.737587	13.726004	आंशिक गांव
29	आलुरु	उदुपी	कुन्दापुरा	331.88	74.737580	13.753316	आंशिक गांव
30	कलतोदु	उदुपी	कुन्दापुरा	197.54	74.747184	13.771444	आंशिक गांव
31	गोलीहोल	उदुपी	कुन्दापुरा	1080.45	74.765307	13.819723	आंशिक गांव
32	जदकाल	उदुपी	कुन्दापुरा	200.96	74.803557	13.821045	आंशिक गांव
33	येलाजिता	उदुपी	कुन्दापुरा	455.60	74.704271	13.862216	आंशिक गांव
34	मुदीनागाद्दे	उदुपी	कुन्दापुरा	27.05	74.693649	13.895419	आंशिक गांव
35	बिंदुर	उदुपी	कुन्दापुरा	410.69	74.684719	13.918688	आंशिक गांव
			कुल:	**11120.60**			

उपाबंध III

मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का अक्षांश और देशांतर तथा ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के साथ मानचित्र



उपाबंध IIIक

मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के साथ ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के स्थान

मानचित्र पर स्थान	अक्षांश डिग्री दशमलव में	देशांतर डिग्री दशमलव में
0	74.665765	13.983695
1	74.675741	13.967760
2	74.685821	13.956388
3	74.700307	13.937045
4	74.691719	13.932367
5	74.708632	13.925406
6	74.712674	13.904277
7	74.745797	13.913589
8	74.773720	13.913848
9	74.808877	13.916162
10	74.835911	13.912460
11	74.869797	13.910884
12	74.895696	13.917524
13	74.915409	13.888587
14	74.922097	13.868287
15	74.957300	13.887194
16	74.977838	13.884481
17	74.978187	13.847397
18	74.986157	13.806779
19	75.002630	13.795084
20	75.018271	13.766109
21	75.028397	13.735651
22	75.004669	13.720241
23	75.037178	13.698490
24	75.022000	13.694493
25	74.991408	13.690115
26	74.963843	13.669293
27	74.941886	13.654688
28	74.942784	13.641393
29	74.904024	13.636494
30	74.908660	13.652516
31	74.923433	13.658790
32	74.959435	13.693638
33	74.941332	13.703551
34	74.921984	13.691443
35	74.907138	13.689714

36	74.890797	13.672402
37	74.895771	13.703367
38	74.890526	13.715598
39	74.864863	13.693968
40	74.808631	13.688381
41	74.799787	13.682938
42	74.782562	13.671604
43	74.765860	13.685114
44	74.738203	13.710297
45	74.738049	13.743441
46	74.706576	13.765302
47	74.661957	13.761704
48	74.704331	13.779577
49	74.746024	13.786066
50	74.768578	13.791751
51	74.787399	13.805940
52	74.757071	13.838887
53	74.745559	13.852877
54	74.728281	13.837050
55	74.717993	13.851121
56	74.693072	13.875716
57	74.687891	13.914062
58	74.674974	13.930432
59	74.669126	13.944157
60	74.653188	13.943746
61	74.658139	13.958295
62	74.651863	13.977703

मूनकांबिका वन्यजीव अभयारण्य ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम सीमा के साथ

मानचित्र पर स्थान	अक्षांश डिग्री दशमलव में	देशांतर डिग्री दशमलव में
0	74.665597	13.981297
1	74.694700	13.935135
2	74.713872	13.904355
3	74.755316	13.907681
4	74.794122	13.905541
5	74.838553	13.895593
6	74.899722	13.917087
7	74.886094	13.886744
8	74.909051	13.887318

9	74.901571	13.871599
10	74.959908	13.845383
11	74.972020	13.832608
12	74.989609	13.797874
13	74.986593	13.742559
14	74.992518	13.719951
15	74.998430	13.737618
16	75.002085	13.760280
17	75.012340	13.759249
18	75.005340	13.737003
19	75.016619	13.751217
20	75.018288	13.732285
21	75.004945	13.728293
22	74.994979	13.718223
23	75.022953	13.695735
24	74.979356	13.685478
25	74.957693	13.657924
26	74.924366	13.645105
27	74.944449	13.675265
28	74.970374	13.697837
29	74.970956	13.712209
30	74.987843	13.719489
31	74.968627	13.729395
32	74.945675	13.730352
33	74.928046	13.735256
34	74.896022	13.726358
35	74.881683	13.704067
36	74.832103	13.689830
37	74.784163	13.697581
38	74.735391	13.728392
39	74.764263	13.773862
40	74.787012	13.803616
41	74.815317	13.836451
42	74.781592	13.814247
43	74.766177	13.819807
44	74.748542	13.856044
45	74.700631	13.854416
46	74.693225	13.892459
47	74.695826	13.902708
48	74.699569	13.909264

49	74.689047	13.915287
50	74.662891	13.924900
51	74.672153	13.938896
52	74.682818	13.943977
53	74.674334	13.945442
54	74.676285	13.953074
55	74.652929	13.945291
56	74.662647	13.957985
57	74.653443	13.966192

उपाबंध IV

राज्य स्तरीय पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति-की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का प्रोफार्मा

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें। बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन मास्टर प्लान भी है।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ब्यौरों को उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. महत्ता का कोई अन्य विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 19th October, 2015

S.O.2869(E).-The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of Section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period so specified to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110003, or send it to the e-mail address of the Ministry at: - esz-mef@nic.in.

Draft Notification

Whereas, the Mookambika Wildlife Sanctuary has been named after goddess "Mookambika" the presiding deity of the famous Mookambika temple at Kollur located in the heart of the Wildlife Sanctuary and situated in Kundapur Taluk of Udupi district in Karnataka state and lies between 13° 42' and 13 ° 59' North Latitude and 74° 39' to 74° 50' East Longitude and spread over an area of 394.65 sq. km. and notified vide Government of Karnataka vide Notification number AFD.48.FWL.74 dated the 22nd May, 1978.

And whereas, the Mookambika Wildlife Sanctuary spreads across the Western slopes of Western Ghats and the terrain is generally hilly and undulating. The altitude of the Wildlife Sanctuary varies from 50 meters above Mean Sea Lever at Idur near Jannalane RF to 1343 meters above Mean Sea Lever at Kodachadri. The distribution of rainfall at Mookambika Wildlife Sanctuary is very uneven, but it receives torrential downpour from the South-West monsoon and the annual average precipitation is close to 6000 millimetre.

And whereas, with the above mentioned terrain, elevation and rainfall distribution, the forest types of Mookambika Wildlife Sanctuary varies from Moist Deciduous Forest at the lower altitude of foot hills to West Coast Semi-Evergreen forest and West Coast Tropical Evergreen Forest at mid-altitude to Shola Grass land at higher altitude. Thus the major forest types of Mookambika Wildlife Sanctuary are West Coast Tropical Evergreen Forest (1A/C4), West Coast Semi-Evergreen forest (2A/C2), Southern Secondary Moist Mixed Deciduous Forest (3B/C2/2S1) and Dry Grass lands (5 DS 4).

